संपादकीय

# विपक्षी एकता का प्रयास भी बंद

संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया। बजट सत्र के दूसरे चरण में एक महीने तक संसद की कार्यवाही चली लेकिन इस दौरान विपक्षी पार्टियों के बीच एकता बनाने का प्रयास भी नहीं हुआ। सभी विपक्षी पार्टियां अपनी अपनी राजनीति करती रहीं। आमतौर पर संसद सत्र के दौरान या उससे पहले विपक्षी पार्टियों की बैठक होती थी, जिसमें सत्र के दौरान फ्लोर कोऑर्डिनेशन के लिए सभी दलों में विचार होता था। ऐसे मुद्दों की पहचान होती थी, जिन पर सरकार को जिम्मेदार ठहरा कर उसके घेरा जाता था। लेकिन इस बार ऐसी कोई मीटिंग नहीं हुई। सवाल है क्यों विपक्षी पार्टियों ने बैठक करके एकता बनाने और सरकार को घेरने की साझा रणनीति बनाई? क्या पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की वजह से ऐसा हुआ? पांच राज्यों के चुनाव नतीजों के बाद आम आदमी पार्टी को छोड़ कर बाकी विपक्षी पार्टियां औंधे मुंह गिरी थीं। कांग्रेस सभी राज्यों में बुरी तरह हारी तो तृणमूल कांग्रेस को गोवा अभियान इस बुरी तरह से पिटा की उसके नेता काफी समय तक उससे नहीं उबर पाएंगे। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी को भी सदमे से उबरने में समय लगेगा। संभवतः इस वजह से किसी पार्टी की ओर से पहल नहीं की गई। संसद के इस सत्र में विपक्षी पार्टियों के पास कई ऐसे मुद्दे थे, जिस पर साझा रणनीति के तहत काम करके सरकार को घेरा जा सकता था। महंगाई का मुद्दा सबसे बड़ा था। संसद सत्र के बीच सरकार हर दिन पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ाती रही लेकिन इस मसले पर विपक्षी पार्टियां कुछ नहीं कर पाईं। आखिरी हफ्ते में राज्यसभा में जरूर विपक्ष ने यह मुद्दा उठाया लेकिन सरकार ने बहस नहीं होने दी और एक दिन पहले ही सत्र का समापन कर दिया। लोकसभा में विपक्षी पार्टियां यह भी नहीं कर पाईं। ऐसा नहीं है कि लोकसभा में विपक्ष के पास संख्या नहीं है। सभी विपक्षी पार्टियों को मिला कर दो सौ से ज्यादा सांसद हैं और अगर पार्टियों में एकता बने तो दो सौ सांसद सरकार को चर्चा के लिए मजबूर कर सकते हैं। अगर सभी पार्टियां एकजुट हो जाती तो संसद के बाहर भी प्रदर्शन करके सरकार पर दबाव बनाया जा सकता था। लेकिन छह फीसदी से ज्यादा महंगाई दर होने, हर दिन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत बढ़ने , खाने-पीने की चीजों की बढ़ती महंगाई के बावजूद विपक्ष कोई असरदार प्रदर्शन नहीं कर सका। सारी पार्टियां केंद्रियों एजेंसियों की मनमानी से परेशान हैं। तृणमूल कांग्रेस से लेकर एनसीपी, शिव सेना और आम आदमी पार्टी तक के नेताओं-मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है लेकिन इस मसले पर भी विपक्षी पार्टियों की ओर से कोई पहल नहीं की गई। विपक्ष के बंटे होने के कारण सरकार ने भी चिंता नहीं की।

# सबसे बड़े शेयरधारक एलन मस्क नहीं होंगे ट्विटर बोर्ड का हिस्सा

## ❑ सीईओ पराग अग्रवाल ने किया ऐलान



**सैन फ्रांसिस्को।** एक नाटकीय मोड़ लेते हुए ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल ने घोषणा की है कि टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क कंपनी के बोर्ड में शामिल नहीं होंगे। भारतीय मूल के सीईओ ने पिछले हफ्ते कहा था कि माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने मस्क को अपने निदेशक मंडल में नियुक्त किया है। लगभग 3 अरब डॉलर में माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने वाले मस्क ट्विटर के 15 फीसदी से अधिक शेयर नहीं खरीद सकते।

रविवार देर रात एक संदेश में अग्रवाल ने कहा कि मस्क ने ट्विटर के बोर्ड में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। अग्रवाल ने बताया, हमने मंगलवार को घोषणा की थी कि एलन को पृष्ठभूमि की जांच और औपचारिक स्वीकृति पर बोर्ड दल में नियुक्त किया जाएगा। बोर्ड में एलन की नियुक्ति आधिकारिक तौर पर 4/9 से प्रभावी होनी थी, लेकिन एलन ने उसी दिन साझा किया कि वह अब इस बोर्ड में शामिल नहीं होंगे। मेरा मानना है कि यह ठीक भी है।

उन्होंने कहा, हमारे पास हमारे शेयरधारकों से इनपुट है और हमेशा रहेगा, चाहे वे हमारे बोर्ड में हों या नहीं। एलन हमारे सबसे बड़े शेयरधारक हैं और हम उनके इनपुट के लिए खुले रहेंगे। ट्विटर के बोर्ड में शामिल होने से मस्क कंपनी के 14.9 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी के मालिक नहीं हो सकते थे। साथ ही, मस्क जिस तरह से विवादास्पद विषयों पर स्वतंत्र रूप से ट्वीट करते हैं, वह निकट भविष्य में ट्विटर को कैच-22 स्थिति में डाल सकता है कि उनके ट्वीट पर कार्रवाई की जाए या नहीं।

अग्रवाल ने कहा, बोर्ड और मैंने एलन के बोर्ड में शामिल होने के बारे में और सीधे एलन के साथ कई चर्चाएं कीं। हम सहयोग करने और जोखिमों के बारे में स्पष्ट होने के लिए उत्साहित थे। उन्होंने कहा, आगे विकर्षण होंगे, लेकिन हमारे लक्ष्य और प्राथमिकताएं अपरिवर्तित रहती हैं। हम जो निर्णय लेते हैं और हम कैसे अमल करते हैं, वह हमारे हाथों में है, किसी और के नहीं। आइए काम पर ध्यान केंद्रित करें।

घोषणा के बाद से, मस्क ने प्लेटफॉर्म में महत्वपूर्ण बदलाव करने के लिए ट्विटर पर कई पोल साझा किए हैं, जिसमें एक एडिट बटन भी शामिल है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के साथ एक ताजा फाइलिंग के अनुसार, मस्क 2024 तक द्वितीय श्रेणी के निदेशक के रूप में काम करेंगे। यह एक प्रकार की स्थिति है जिसका उपयोग अधिग्रहण-विरोधी उपाय के रूप में किया जा सकता है।

# एक हफ्ते में इन शेयरों ने दिया छप्परफाड़ रिटर्न, निवेशक हुए मालामाल




**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सेंसेक्स 170.69 अंक की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 59447.18 और निफ्टी 126.85 अंक चढक़र 17797.30 अंक पर रहा। इस दौरान दिग्गज कंपनियों के मुकाबले छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक तेजी रही। बीएसई का मिडकैप 859.8 अंक उछलकर 25303.39 अंक और स्मॉलकैप 1066.38 अंक की छलांग लगाकर 29765.79 अंक पर पहुंच गया। इनमें कुछ स्टॉक्स ने एक हफ्ते में ही 40 फीसद से अधिक रिटर्न दिए।

पिछले एक हफ्ते में 40.28 फीसद तक रिटर्न दिया। स्वान एनर्जी के शेयर शुक्रवार को 268.85 रुपये पर बंद हुए। एक हफ्ते में इसका हाई 291 और लो 190.35 रुपये रहा।

अगर लार्ज कैप स्टॉक की बात करें तो एक हफ्ते में यस बैंक ने 23.72 फीसद, अडानी ग्रीन ने 19.37 फीसद, बजाज होल्डिंग्स ने 15.12 फीसद, टाटा पावर ने 13.30 फीसद और सीजी पावर ने 12.72 फीसद का रिटर्न दिया है।

मिड कैप में स्वान एनर्जी के अलावा श्रीरेणुका शुगर ने 36.86 फीसद, सुजलॉन एनर्जी ने 26.46 फीसद, भारत डायनामिक्स ने 25.95 फीसद, तेजस नेटवर्क ने 25.15 फीसद का रिटरन् दिया है।

# टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाने की योजना



**नईदिल्ली।** घरेलू वाहन कंपनी टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती मांग के कारण उत्पादन में तेजी लाने पर विचार कर रही है। टाटा मोटर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी कहा कि कंपनी को पिछले दो महीनों में अपनी इलेक्ट्रिक वाहन श्रृंखला के लिए प्रतिमाह औसतन 5,500-6,000 बुकिंग मिल रही हैं। इसी के मद्देनजर कंपनी अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन बढ़ाने की तैयारी कर रही है। बीते वित्त वर्ष में टाटा मोटर्स घरेलू बाजार में यात्री इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रही है। कंपनी घरेलू बाजार में तीन इलेक्ट्रिक वाहन- नेक्सन ईवी, टिगोर ईवी और एक्सप्रेस-टी बेचती है। टाटा मोटर्स ने हाल ही में एक कूप स्टाइल की एसयूवी का भी अनावरण किया है, जिसे अगले दो वर्षों में बाजार में पेश करने की योजना है।


# बिकवाली से सेंसेक्स 483 अंक लुढ़का, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आयी और बीएसई सेंसेक्स करीब 483 अंक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में नुकसान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, पूंजीगत सामान और बैंक कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 482.61 अंक यानी 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,964.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 552.78 अंक तक नीचे आ गया था।

वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 109.40 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 17,674.95 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल शेयरों में 29 नुकसान में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस विप्रो, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक मुख्य रूप से नुकसान में रहे। इसके उलट लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। टीसीएस का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का वित्तीय परिणाम आज जारी होगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) की बैठक, अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े और कंपनियों के चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।'' मुद्रास्फीति की चिंता, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक तरीके से ब्याज दर बढ़ाने के संकेत तथा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण कमजोर वृद्धि दर की आशंका से वैश्विक बाजारों में भी गिरावट रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आगामी बैठकों में नीतिगत दर को सामान्य से दोगुना बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि फेडरल रिजर्व खरीदे गये बांड को बाजार में निकाल सकता है। इससे वाणिज्यिक कर्ज की दरें बढ़ेंगी। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे।

# वेस्टइंडीज और अमेरिका करेंगे टी20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी



**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन वेस्टइंडीज और अमेरिका में किया जाएगा। दोनों टीमों ने अब मेजबान होने के नाते सीधे ही इस टूर्नामेंट के लिए चलीफाई कर लिया है। दुबई में रविवार को आईसीसी की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पहली बार कुल 20 टीमें भाग लेंगी। आईसीसी ने इसकी जानकारी दी। अमेरिका की टीम पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में खेलेगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 20 में से 12 टीमों को डायरेक्ट एंट्री मिलेगी। इसमें ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की टॉप-8 टीमों के अलावा वेस्टइंडीज और अमेरिका के रूप में दो मेजबान देश भी शामिल है। बाकी दो अन्य टीमों का फैसला इस साल 14 नवंबर तक टॉप रैंकिंग में रहने वाली टीमों के आधार पर लिया जाएगा।

वेस्टइंडीज की टीम अगर ऑस्ट्रेलिया में इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के टॉप-8 में जगह बनाने में सफल रहती है तो फिर रैंकिंग की टॉप-2 की जगह टॉप-3 टीमों को वर्ल्ड कप में खेलने का मौका मिलेगा। बाकी आठ अन्य टीमों का फैसला रीजनल चलिफायर्स के आधार पर किया जाएगा। एशिया, अफ्रीका और यूरोप की टॉप-2 टीमें वर्ल्ड कप में खेलेंगी जबकि अमेरिका और ईस्ट एशिया पेसिफिक की एक-एक टीम को इसमें भाग लेने का मौका मिलेगा।

# युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में पूरे किए 150 विकेट, बने ऐसा करने वाले मात्र चौथे भारतीय



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले चौथे भारतीय और कुल 6ठें गेंदबाज बन गए हैं। चहल से पहले ड्वेन ब्रावो, लासिथ मलिंगा, पीयूष चावला, अमित मिश्रा और हरभजन सिंह आईपीएल में 150 विकेट ले चुके हैं। लखनऊ के खिलाफ चहल ने आयुष बदोने के साथ च्ंटिन डी कॉक, क्रुणाल पांड्या और दुषमंत चमीरा को अपना शिकार बनाया। चमीरा चहल के 150वें आईपीएल विकेट थे। इस शानदार प्रदर्शन से चहल आईपीएल 2022 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं उन्होंने इस सीजन में 11 विकेट लेकर उमेश यादव से पर्पल कैप छीन ली है। उमेश अभी तक सीजन 15 में 10 विकेट ले पाए हैं।

**आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज**

ड्वेन ब्रावो - 173

लासिथ मलिंगा - 170

अमित मिश्रा - 166

पीयूष चावला - 157

हरभजन सिंह - 150

युजवेंद्र चहल - 150

वानखेड़े में खेले गए इस मैच को राजस्थान रॉयल्स ने 3 रनों के अंतर से जीता। इस जीत के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर भी पहुंच गई है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शिमरन हेटमायर के अर्धशतक के दम पर लखनऊ के सामने 166 रनों का लक्ष्य रखा था। आखिरी ओवर तक चले इस मुकाबले में लखनऊ 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 162 ही रन बना सकी। लखनऊ के लिए च्ंटिन डी कॉक ने 39 और मार्कस स्टॉयनिस ने 38 रन की पारी खेली, वहीं युजवेंद्र चहल ने सबसे अधिक 4 विकेट चटकाए।

# वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की बवाल की शूटिंग लखनऊ में हुई शुरू




वरुण धवन और जाह्नवी कपूर ने हाल में अपनी फिल्म बवाल का ऐलान किया था। जब से फिल्म का ऐलान हुआ है, तभी से इसको लेकर फैंस की उत्सुकता बढ़ी हुई है। फैंस वरुण और जाह्नवी की जोड़ी को साथ देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं। अब मेकर्स ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। रविवार को लखनऊ में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग शुरू की गई है।

बवाल का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी कर रहे हैं। नितेश की पत्नी अश्विनी अय्यर ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग शुरू करने की जानकारी दी है। उन्होंने अपने पोस्ट में एक क्लैपबोर्ड की तस्वीर भी शेयर की है। अश्विनी ने अपने पोस्ट में लिखा, खुशी शुरू होती है। साजिद नाडियाडवाला सर की जीवंत मुस्कान और वर्धा नाडियाडवाला की झप्पी को मिस कर रही हूं। वरुण और जाह्नवी समेत कुछ कलाकारों के साथ शूटिंग शुरू होती है।

वरुण शूटिंग के लिए शनिवार को लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। वहीं, जाह्नवी ने 7 अप्रैल को नवाबों के शहर लखनऊ के लिए अपनी उड़ान भरी थी। भारत में तीन अलग-अलग स्थानों पर फिल्म को शूट किया जाना है। हालांकि, अभी उन स्थानों के बारे में नहीं बताया गया है, जहां इस प्रोजेक्ट के आगामी शेड्यूल पूरे होंगे। भारत के अलावा बवाल की शूटिंग पेरिस समेत चार यूरोपीय लोकेशंस पर भी होगी।

# मेरे देश की धरती 6 मई को होगी रिलीज




करीब दो साल की देरी के बाद, सोशल ड्रामा मेरे देश की धरती 6 मई को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में हमारे देश में प्रचलित समकालीन परिस्थितियां दिखाई गई हैं, जो ग्रामीण और शहरी विभाजन को दर्शाती है। फिल्म में दिखाया गया है कि शहरी युवा कैसे ग्रामीण वास्तविकता और अर्थशास्त्र का एक निश्चित हिस्सा बन सकते हैं। फिल्म अपने नायक के माध्यम से दो दुनिया को एक साथ लाने का मार्ग प्रशस्त करती है। फराज हैदर द्वारा निर्देशित मेरे देश की धरती में मिर्जापुर फेम दिव्येंदु, वॉर की अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका, सुल्तान अभिनेता अनंत विधात और राजेश शर्मा हैं। फिल्म को लेकर दिव्येंदु ने कहा कि यह देखना आकर्षक है कि हमारे दर्शक उन फिल्मों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं जो प्रेरणादायक हैं और एक शक्तिशाली और सम्मोहक संदेश देती हैं। मैं बहुत खुश हूं कि यह 6 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# हेल्दी और टेस्टी है ये 'कुकुंबर एंड पीनट सैलेड'



खाने के साथ सलाद जरूरी होता है लेकिन हर बार वही खीरा, ककड़ी और गाजर के कॉम्बिनेशन वाला सलाद बोरिंग लगने लगता है। तो आज हम बनाएंगे खीरे और पीनट का सैलेड।

**सामग्री :**

2 टीस्पून वेजटेबल ऑयल, 1 टीस्पून सरसों के बीज, 50 ग्राम भुनी हुई मूंगफली (दरदरी की हुई), 3 कप खीरा (कटा और बीज निकला हुआ), 2 टेबलस्पून सॉर क्रीम, आधा टीस्पून शहद, 3 ग्राम कोशर सॉल्ट, 8-10 करी पत्तियां

**विधि :**

सबसे पहले कटे हुए खीरे में नमक मिलाएं और पानी छोडऩे तक एक तरफ रख दें। फिर किसी छोटी कड़ाही में मध्यम आंच पर 2 टीस्पून तेल गर्म करें। उसमें सरसों के बीज, मूंगफली और करी पत्ता डालें और 10-15 सेकंड या खुशबू आने तक तक चलाते रहें। इसके बाद मिश्रण को कड़ाही से निकालकर एक तर$फ रख दें और ठंडा होने दें। अब कपड़े की मदद से खीरे को निचोड़कर उसका पानी अलग कर दें। एक बड़े बोल में खीरा, मूंगफली-सरसों का मिश्रण, सॉर क्रीम, नमक (यदि ज़रूरत हो) और शहद को अच्छी-तरह मिलाएं। तैयार मिश्रण को एक प्लेट में निकालें और सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 39

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 39

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# आज का राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज लोगों के सामने आपकी छवि अच्छी बनी रहेगी। आप किसी ऐसे काम में रिस्क नही लेंगे जिसका नेगेटिव असर आपकी छवि पर पड़े। साथ ही पैसों की स्थिति को लेकर आप सोच विचार में रहेंगे।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। बिजनेस से संबंधित किसी बड़े फैसले के लिए आज का दिन अच्छा है। किसी महत्तवपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए काम करने के तरीके को बदलेंगे।

**मिथुन:** आज का दिन आपके व्यवसाय से जुड़ा अच्छे परिणाम लेकर आएगा। अगर आप नयी जमीन लेने की सोच रहे हैं तो शुभ मुहूर्त जरूर देख लें। ऑफिस के किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिये आज पिछली कम्पनी का अनुभव आपके काम आयेगा।

**कर्क:** आज अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। अपने मन की बातों को किसी करीबी से शेयर करेंगे, जिससे आपको रिलेक्स महसूस होगा। आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट करेंगे।

**कन्या:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में अधिक समय लगेगा जिससे आज आप घर देर से पहुंचेंगे। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ घरेलू सामान खरीदने बाजार जायेंगे।

**तुला :** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी। जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इक्ट्ठे में आसानी होगी।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपके व्यापार की गति में बढ़ोतरी होगी। सामने आ रही चुनौतियों को आसानी से निपटा लेंगे। आपके अच्छे व्यवहार से लोग खुश रहेंगे। इस राशि के राजनीति से जुड़े लोगों को आज सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

**धनु:** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा काफी अच्छा रहने वाला है। इस राशि वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेंगे। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मकर :** आज आपका दिन बहुत महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप अपने व्यापार को बढऩे के लिए कुछ नये तरीके अपनाएंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा। आप अपने लिए नये कपड़े खरीदने का मन बनायेंगे।

**कुम्भ:** आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज आपके रुके हुए कामों में आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। आपके शत्रु भी आपके तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ायेंगे। जीवनसाथी से आपको कोई खुशखबरी मिलेगी।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए बेहद खुशनुमा रहेगा। आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा।